C·S(P)09

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : P–DTQ–J–CPU** **Test Booklet Series**

**Serial No.** 04497

# TEST BOOKLET

## BOTANY

**A**

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 300***

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Which one of the following terms describes the increase in the performance of a cross when two different inbred lines are crossed ?
   (a) Heterozygotic
   (b) Heterosis
   (c) Heterogametic
   (d) Homogametic

2. Hardy-Weinberg equilibrium refers to :
   (a) Stable mutation as a factor for speciation and evolution
   (b) Population genetics based on Mendelian laws to interpret evolutionary process
   (c) Microgeographic races as key contributors to divergent evolutionary tendencies
   (d) Random distribution of species in time and space

3. Meselson and Stahl used an isotope to demonstrate semi-conservative nature of DNA duplication. Which isotope did they use ?
   (a) $^{14}C$
   (b) $^{3}H$
   (c) $^{32}P$
   (d) $^{15}N$

4. Among the following, which group has recently originated ?
   (a) Gnetales
   (b) Cycadales
   (c) Bennettitales
   (d) Coniferales

5. What is the correct sequence in which the following plants appeared on the earth ?
   1. *Rhynia*
   2. *Williamsonia*
   3. *Lyginodendron*
   4. *Magnolia*

   Select the correct answer using the code given below :
   (a) 1, 2, 3, 4
   (b) 1, 3, 2, 4
   (c) 2, 1, 3, 4
   (d) 1, 3, 4, 2

6. Bicollateral vascular bundles occur in which one of the following families ?
   (a) Cruciferae
   (b) Gramineae
   (c) Solanaceae
   (d) Cactaceae

7. Phelloids differ from phellem cells in :
   (a) Lacking the suberin lamellae
   (b) Lacking the lignin deposition
   (c) Having a different origin
   (d) Being the product of cambial activity

8. The phellogen produces :
   (a) Phelloderm towards its outer and secondary xylem towards its inner side
   (b) Phelloderm towards its outer and phellem towards its inner side
   (c) Phellem towards its outer and phelloderm towards its inner side
   (d) Phellem towards its outer and secondary xylem towards its inner side



(Contd.)

1. जब दो विभिन्न अन्त:प्रजात वंशक्रमों का संकरण कराया जाता है तब संकरण की निष्पादन की वृद्धि को निम्नलिखित में से कौन-सा पद वर्णित करता है ?

(a) विषमयुग्मजी

(b) संकरओज

(c) विषमयुग्मकी

(d) समयुग्मकी

2. हार्डी-विनबर्ग साम्यावस्था निम्नलिखित में से किसको निर्दिष्ट करती है ?

(a) जाति उद्‌भवन तथा विकास के कारक के रूप में स्थायी उत्परिवर्तन को

(b) विकासीय प्रक्रम की व्याख्या करने के लिए मेंडल नियमों पर आधारित समष्टि आनुवंशिकी को

(c) अपसारी विकासात्मक प्रवृत्तियों के प्रमुख योगदाता के रूप में सूक्ष्म भौगोलिक प्रजातियों को

(d) दिक्काल में जातियों के यादृच्छिक वितरण को

3. DNA द्विगुणन के अर्ध-संरक्षी स्वभाव के निदर्शन करने के लिए मेसल्सन तथा स्टाल ने एक समस्थानिक का प्रयोग किया। वह समस्थानिक कौन-सा है ?

(a) $^{14}C$

(b) $^{3}H$

(c) $^{32}P$

(d) $^{15}N$

4. निम्नलिखित में से किस समूह का अभिनव उद्‌गम है ?

(a) नीटेलीज

(b) साइकैडेलीज

(c) बेनेटिटेलीज

(d) कोनीफेरेलीज

5. वह सही अनुक्रम कौन-सा है जिसमें निम्नलिखित पादप पृथ्वी पर प्रकट हुए ?

1. *राइनिया*
2. *विलियमसोनिआ*
3. *लाइजीनोडेंड्रोन*
4. *मैग्नोलिया*

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2, 3, 4

(b) 1, 3, 2, 4

(c) 2, 1, 3, 4

(d) 1, 3, 4, 2

6. उभयपोषवाही संवहन पूल निम्नलिखित में से किस एक कुल में होते हैं ?

(a) क्रूसिफ़ेरी

(b) ग्रामिनी

(c) सोलैनेसी

(d) कैक्टेसी

7. फैलाइड, काग कोशिकाओं से किसमें भिन्न होती हैं ?

(a) सुबेरिन पटलिकाओं का अभाव होने में

(b) लिग्निन निक्षेपण का अभाव होने में

(c) असमान उत्पत्ति के होने में

(d) एधा की सक्रियता का उत्पाद होने में

8. कागजन किसका उत्पादन करता है ?

(a) अपने बाहर की ओर कागस्तर का तथा अपने अन्दर की ओर द्वितीयक दारु का

(b) अपने बाहर की ओर कागस्तर का तथा अपने अन्दर की ओर काग का

(c) अपने बाहर की ओर काग का तथा अपने अन्दर की ओर कागस्तर का

(d) अपने बाहर की ओर काग का तथा अपने अन्दर की ओर द्वितीयक दारु का

9. When two whorls of stamens are inserted in such a way that the members of the outer whorl are opposite the sepals and inner whorl opposite the petals, the condition is known as :

(a) Diplostemonous

(b) Diadelphous

(c) Didynamous

(d) Obdiplostemonous

10. Family Labiatae can be easily identified with the help of :

(a) Spurred corolla and quadrangular stem

(b) Verticillaster inflorescence and many stamens

(c) Gynobasic style and four ovules

(d) Two stigmas and regular corolla

11. *Withania somnifera* belongs to the family :

(a) Malvaceae

(b) Magnoliaceae

(c) Solanaceae

(d) Sterculiaceae

12. Which one of the following pairs is correctly matched ?

(a) Solanaceae : Adelphous condition

(b) Malvaceae : Syngenesious condition

(c) Brassicaceae : Didynamous condition

(d) Acanthaceae : Retinaculum

13. Consider the following pairs :

1. Chlorine : Involved in $O_2$ evolution during photosynthesis
2. Iron : Constituent of cytochromes
3. Sulphur : Constituent of Coenzyme A

Which of the pairs given above are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

14. What is the edible part in Jack fruit ?

(a) Thalamus

(b) Ovary (ripened)

(c) Perianth and seeds

(d) Fleshy aril

15. Which one of the following genera shows vessels in xylem ?

(a) *Cycas*

(b) *Pinus*

(c) *Gnetum*

(d) *Marsilea*

16. Which one of the following is devoid of nucleus ?

(a) Mature sieve element

(b) Guard cell of stomata

(c) Collenchyma cell

(d) Companion cell

9. जब पुंकेसरों के दो चक्कर इस प्रकार आलग्न होते हैं कि बाह्य चक्कर के अवयव बाह्यदल के विपरीत हों तथा आंतरिक चक्कर के अवयव दल के विपरीत हों, ऐसी दशा को क्या कहते हैं ?

(a) द्विआवर्त पुंकेसरी

(b) द्विसंघी

(c) द्विदीर्घी

(d) दलाभिमुख-द्विवर्त पुंकेसरी

10. कुटुम्ब लेबिएटी को निम्नलिखित में से किसकी सहायता से आसानी से पहचाना जाता है ?

(a) शुंडिकायुक्त दलपुंज तथा चतुर्भुजी तना

(b) कूट चक्रक पुष्पक्रम तथा बहुत से पुंकेसर

(c) जायांग नाभिक वर्तिका तथा चार बीजाण्ड

(d) दो वर्तिकाग्र तथा सममित दलपुंज

11. *विदानियां सोम्नीफेरा* किस कुल का सदस्य है ?

(a) मालवेसी

(b) मैग्नोलिएसी

(c) सोलैनेसी

(d) स्टरक्यूलिएसी

12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित है ?

(a) सोलैनेसी : संघी दशा

(b) मालवेसी : युक्तकोशी दशा

(c) ब्रैसिकेसी : द्विदीर्घी दशा

(d) एकेन्थेसी : उपबन्धनी

13. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. क्लोरीन : प्रकाश संश्लेषण के दौरान $O_2$ विमोचन में शामिल
2. लोह : साइटोक्रोमों का घटक
3. गंधक : सहएन्जाइम-A का घटक

उपर्युक्त युग्मों में कौन-से सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

14. कटहल का खाद्य भाग क्या है ?

(a) पुष्पासन

(b) अण्डाशय (पक्व)

(c) परिदलपुंज तथा बीज

(d) मांसल बीजचोल

15. निम्नलिखित वंशों में से किसके दारु में वाहिकायें होती हैं ?

(a) *साइकैस*

(b) *पाइनस*

(c) *नीटम*

(d) *मार्सिलिया*

16. निम्नलिखित में से कौन केन्द्रक रहित होता है ?

(a) परिपक्व चालनी अवयव

(b) रंध्र की द्वार कोशिका

(c) स्थूलकोणोतक कोशिका

(d) सहचर कोशिका



(Contd.)

17. Consider the following statements :

    1. There is no sexual reproduction in blue-green algae.
    2. There are no marine species of blue-green algae.

    Which of the statements given above is/are correct ?

    (a) 1 only
    (b) 2 only
    (c) Both 1 and 2
    (d) Neither 1 nor 2

18. Lodicules represent the reduced perianth in :

    (a) Sedges
    (b) Grasses
    (c) Rushes
    (d) Composites

19. Distant hybridization studies indicate that the nearest relative of wheat, among the following, is :

    (a) *Sorghum*
    (b) Oat
    (c) Rye
    (d) Rice

20. Consider the following statements :

    1. Chloroplasts synthesize some of the proteins that are essential for photosynthesis.
    2. Mitochondria proliferate through the division by fission of pre-existing mitochondria.

    Which of the statements given above is/are correct ?

    (a) 1 only
    (b) 2 only
    (c) Both 1 and 2
    (d) Neither 1 nor 2

21. Fungi without sexual or perfect stages are classified as :

    (a) Phycomycetes
    (b) Dermatomycetes
    (c) Deuteromycetes
    (d) Ascomycetes

22. Consider the following statements :

    1. Auxin has a role in delaying the onset of leaf abscission.
    2. IAA is synthesized primarily in the roots.

    Which of the statements given above is/are correct ?

    (a) 1 only
    (b) 2 only
    (c) Both 1 and 2
    (d) Neither 1 nor 2

23. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I* *(Characters)* | *List-II* *(Families)* |
|---|---|
| A. Cruciform Corolla | 1. Malvaceae |
| B. Syngenesious stamens | 2. Brassicaceae |
| | 3. Asteraceae |
| C. Spikelet | 4. Poaceae |
| D. Epicalyx | 5. Apiaceae |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 5 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 5 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |



(Contd.)

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नील-हरित शैवालों में लैंगिक जनन नहीं होता।
2. नील-हरित शैवालों की कोई समुद्री जाति नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

18. लॉडिक्यूल किसमें लघुकृत परिदलपुंज को निरूपित करता है ?

(a) प्रतृणों में
(b) घासों में
(c) जलबेंतों में
(d) कम्पोजिटीज में

19. दूरस्थ संकरण अध्ययनों द्वारा निदर्शित गेहूँ का समीपतम सम्बन्धी निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) *सोरघम*
(b) जई
(c) राई
(d) धान (चावल)

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हरितलवक कुछ ऐसे प्रोटीनों का संश्लेषण करते हैं जो प्रकाश संश्लेषण के लिए अनिवार्य हैं।
2. सूत्रकणिकाओं का प्रचुरोद्भवन पूर्व विद्यमान सूत्र कणिकाओं के विखंडन द्वारा विभाजन से होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

21. बिना लैंगिक या पूर्णावस्था वाले कवक किसमें वर्गीकृत किये गये हैं ?

(a) फाइकोमाइसिटीज
(b) डर्मेटोमाइसिटीज
(c) ड्यूटेरोमाइसिटीज
(d) ऐस्कोमाइसिटीज

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पर्ण विलगन के प्रारम्भन को विलम्बित करने में ऑक्सिन की भूमिका है।
2. IAA का संश्लेषण मुख्यत: जड़ों में होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* *(लक्षण)* | *सूची-II* *(कुल)* |
|---|---|
| A. क्रासरूप दल-पुंज | 1. मालवेसी |
| B. युक्तकोशी पुंकेसर | 2. ब्रैसिकेसी |
| C. कणिशिका | 3. एस्टरेसी |
| D. एपिकैलिक्स | 4. पोएसी |
| | 5. एपिएसी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 5 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 5 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |



(Contd.)

24. In which one of the following are heterocysts seen ?

(a) *Nostoc*

(b) *Chara*

(c) *Polysiphonia*

(d) *Spirogyra*

25. Which one of the following is a rootless fossil plant ?

(a) *Lepidodendron*

(b) *Lyginopteris*

(c) *Rhynia*

(d) *Williamsonia*

26. In the sporophyte of Bryales, archesporium originates from :

(a) Endothecium

(b) Endothelium

(c) Amphithecium

(d) Perithecium

27. Consider the following :

1. *Selaginella*
2. *Isoetes*
3. *Marsilea*
4. *Azolla*

Which of the above are heterosporous pteridophytes ?

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

28. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I* ($N_2$ *fixing genera)* | *List-II (Group they belong)* |
|---|---|
| A. *Clostridium* | 1. Aerobic bacteria |
| B. *Rhodospirillum* | 2. Facultative bacteria |
| C. *Azotobacter* | 3. Non-photo-synthetic anaerobic bacteria |
| D. *Klebsiella* | 4. Photosynthetic anaerobic bacteria |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

29. Which one of the following chemicals is used for converting iron into absorbable form by plants ?

(a) Dinitrophenol

(b) Diphenyl carbazide

(c) Ethylene-diamine-tetra-acetic acid

(d) Paraaminobenzoic acid



(Contd.)

24. निम्नलिखित में से किस एक में हेटेरोसिस्ट देखे जाते हैं ?

(a) *नोस्टोक*

(b) *केरा*

(c) *पॉलीसाइफोनिया*

(d) *स्पाइरोगाइरा*

25. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जड़ रहित जीवाश्म पौधा है ?

(a) *लेपिडोडेन्ड्रन*

(b) *लाइजिनोप्टेरिस*

(c) *राइनिया*

(d) *विलियमसोनिआ*

26. ब्राएलीज के बीजाणुद्भिद् में प्रप्रसूतक की उत्पत्ति किससे होती है ?

(a) अंतस्थीसियम

(b) अंत:स्तर

(c) बहिस्थीलियम

(d) पेरीथीसियम

27. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. *सैलाजिनेला*

2. *आइसोइटीज*

3. *मार्सिलिया*

4. *आजोला*

उपर्युक्त में कौन-से विषमबीजाणु टेरिडोफाइट हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

28. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* (*नाइट्रोजन यौगिकी-कारक वंश*) | *सूची-II* (*सम्बन्धित समूह*) |
|---|---|
| A. *क्लोस्ट्रिडियम* | 1. वायुजीवी जीवाणु |
| B. *रोडोस्पिरिलम* | 2. विकल्पी जीवाणु |
| C. *एजोटोबैक्टर* | 3. प्रकाश असंश्लेषी अवायवीय जीवाणु |
| D. *क्लेब्सीएला* | 4. प्रकाश संश्लेषी अवायवीय जीवाणु |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

29. निम्नलिखित में से कौन-सा रसायन लोह को पौधों द्वारा अवशोषणीय रूप में बदलने में प्रयुक्त होता है ?

(a) डाइनाइट्रोफीनॉल

(b) डाइफेनिल कार्बाजाइड

(c) एथिलीन डाइऐमीन टेट्रा एसीटिक अम्ल

(d) पैराऐमीनोबेन्जोइक अम्ल



(Contd.)

30. Which one of the following is the correct sequence of the three cell organelles involved in photorespiration ?

(a) Chloroplast → Mitochondrion → Peroxisome

(b) Peroxisome → Chloroplast → Mitochondrion

(c) Chloroplast → Peroxisome → Mitochondrion

(d) Mitochondrion → Peroxisome → Chloroplast

31. Consider the following statements :

1. Transposons are responsible for mutation and chromosome breakage.

2. In bacteria, some transposons carry genes for antibiotic resistance.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

32. The process of photorespiration in plants leads to :

(a) Release of enhanced levels of $CO_2$

(b) Removal of waste metabolites

(c) Lowering of the efficiency of photosynthetic carbon fixation

(d) Enhanced plant yield

33. With reference to photosynthesis in higher plants, which one of the following statements is correct ?

(a) The $C_3$ Pathway requires 24 ATP molecules for the synthesis of one molecule of glucose.

(b) The $C_4$ Pathway requires 30 ATP molecules for the synthesis of one molecule of glucose.

(c) In $C_4$ Pathway, Phosphoenol pyruvate is regenerated in the bundle sheath cells and transported to mesophyll cells.

(d) In $C_3$ Pathway, six molecules of phosphoglyceraldehyde and two molecules of ATP are required to regenerate RuBP.

34. Under water stress, the leaves of plants are found to contain higher concentration of :

(a) Gibberellic acid

(b) Cytokinins

(c) Auxins

(d) Abscisic acid

35. With reference to $C_4$ Pathway of photosynthesis, which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Atmospheric $CO_2$ is accepted by a 3-carbon compound.

(b) The first product formed after atmospheric $CO_2$ assimilation is malic acid.

(c) Malic acid is transported from mesophyll cells to bundle sheath cells.

(d) The Calvin cycle takes place in bundle sheath cells.



(Contd.)

30. प्रकाश श्वसन में शामिल तीन कोशिकाओं का निम्नलिखित में से कौन-सा सही अनुक्रम है ?

(a) हरितलवक → सूत्रकणिका → परऑक्सीसोम

(b) परऑक्सीसोम→ हरितलवक → सूत्रकणिका

(c) हरितलवक → परऑक्सीसोम → सूत्रकणिका

(d) सूत्रकणिका → परऑक्सीसोम → हरितलवक

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उत्परिवर्तन और गुणसूत्र भंजन के लिए ट्रांसपोजोन उत्तरदायी होते हैं।

2. जीवाणुओं में कुछ ट्रांसपोजोन प्रतिजैविक प्रतिरोध के लिए जीन का वहन करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

32. पौधों में प्रकाश श्वसन के परिणामस्वरूप क्या होता है ?

(a) $CO_2$ की बढ़ी हुई मात्रा निकलती है

(b) अपशिष्ट उपापचयज का निष्कासन होता है

(c) प्रकाश संश्लेषी कार्बन यौगिकीकरण की दक्षता कम होती है

(d) पादप उत्पाद बढ़ता है

33. उच्चतर पादपों में प्रकाश संश्लेषण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) $C_3$ पथ को ग्लूकोस का एक अणु संश्लेषित करने के लिए 24 ATP अणुओं की जरूरत होती है।

(b) $C_4$ पथ को ग्लूकोस का एक अणु संश्लेषित करने के लिए 30 ATP अणुओं की जरूरत होती है।

(c) $C_4$ पथ में फॉस्फोइनॉल पाइरूवेट का पुनरुद्भवन पूलाच्छद में होता है तथा पर्णमध्योतक कोशिकाओं को अभिगमित होता है।

(d) $C_3$ पथ में RuBP के पुररुद्भवन के लिए फास्फ़ोग्लिसेरैल्डिहाइड के छः अणुओं की तथा ATP के दो अणुओं की जरूरत होती है।

34. जल के प्रतिबल के अधीन पादपों के पर्णों में किसकी उच्चतर सान्द्रता पायी जाती है ?

(a) जिबरेलिक अम्ल

(b) साइटोकाइनिन

(c) ऑक्सीन

(d) ऐब्सिसिक अम्ल

35. प्रकाश संश्लेषण के $C_4$ पथ के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) वायुमण्डलीय $CO_2$ तीन कार्बन वाले यौगिक द्वारा स्वीकार की जाती है।

(b) वायुमण्डलीय $CO_2$ स्वांगीकरण के बाद पहला उत्पाद मैलिक अम्ल होता है।

(c) मैलिक अम्ल का अभिगमन पर्णमध्योतक कोशिकाओं से पूलाच्छद में होता है।

(d) कैल्विन चक्र पूलाच्छद की कोशिकाओं में सम्पन्न होता है।



(Contd.)

36. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) The gamete bearing phase of moss plant is haploid.

(b) Bryophytes have a multi-cellular sporophytic generation.

(c) All the ferns have underground and horizontally growing stems called rhizomes.

(d) Ferns form the largest living group of primitive vascular plants.

37. Which one of the following mineral elements plays an important role in photosynthetic oxygen evolution ?

(a) Magnesium

(b) Manganese

(c) Molybdenum

(d) Boron

38. Consider the following statements :

1. β-oxidation of fatty acids involves the reduction of ½ $O_2$ to $H_2O$ and formation of 1 NADH and 1 $FADH_2$ for each acetyl CoA produced.

2. In plant seed storage tissue, the enzymes associated with β-oxidation are localized in mitochondria.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

39. Phosphorus is absorbed primarily in the form of ortho-phosphates, but in which form does it occur in soil ?

(a) Monovalent only

(b) Divalent only

(c) Trivalent

(d) Both monovalent and divalent

40. Phosphorus as $^{32}P$ is one of the radioactive isotopes commonly used in biological studies. Its half-life is :

(a) 14·3 days

(b) 87·5 days

(c) 8·07 days

(d) 3·2 days

41. A competitive inhibitor of ethylene-mediated physiological responses is :

(a) Carbon monoxide

(b) Carbon dioxide

(c) Acetylene

(d) Nitrogen

42. Production of human protein in bacteria by genetic engineering is possible because :

(a) A human chromosome can replicate in bacterial cell

(b) The mechanism of gene regulation is identical in humans and bacteria

(c) Bacterial cell can carry out the RNA splicing reactions

(d) The genetic code is universal

43. Which one of the following bacteria has found extensive use in genetic engineering work in plants ?

(a) *Agrobacterium tumefaciens*

(b) *Clostridium septicum*

(c) *Xanthomonas citri*

(d) *Bacillus coagulens*

44. Which of the following codons do ***not*** specify amino acids and are known as non-sense codons ?

(a) GUU, GUC, GUA

(b) UAA, UAG, UGA

(c) GCU, GCC, GCA

(d) GGU, GGC, GGA



(Contd.)

36. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) मॉस पादप की युग्मक धारण करने वाली अवस्था अगुणित होती है।

(b) ब्रायोफाइट में बीजाणुउद्भिद पीढ़ी बहुकोशिकीय होती है।

(c) सभी पर्णांगों के तने भूमिगत तथा क्षैतिज वर्धित होते हैं, उन्हें प्रकंद कहा जाता है।

(d) पर्णांग, आदि संवहनी पादपों का सबसे बड़ा जीवित समूह है।

37. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज तत्त्व प्रकाश संश्लेषी ऑक्सीजन के विमोचन में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है ?

(a) मैग्नीशियम

(b) मैंगनीज

(c) मॉलिब्डेनम

(d) बोरॉन

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वसा अम्ल के β-आक्सीकरण में ½ $O_2$ का $H_2O$ में अपचयन तथा प्रत्येक उत्पादित एसीटिल CoA के लिए 1 NADH और 1 $FADH_2$ बनना शामिल होता है।

2. पादप बीजों के संचायक ऊतक में β-ऑक्सीकरण से संबंधित प्रकिण्व सूत्र-कणिकाओं में स्थानगत होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

39. फॉस्फोरस का अवशोषण मुख्यत: आर्थोफास्फेट के रूप में होता है परन्तु यह मृदा में किस रूप में होता है ?

(a) केवल एक संयोजक

(b) केवल द्विसंयोजक

(c) त्रिसंयोजक

(d) एक संयोजक और द्विसंयोजक दोनों

40. जीव विज्ञान के अध्ययनों में फास्फोरस के $^{32}P$ रूप का उपयोग एक विघटनाभिक समस्थानिक के रूप में सामान्यत: किया जाता है। इसकी अर्ध-आयु क्या है ?

(a) 14·3 दिन

(b) 87·5 दिन

(c) 8·07 दिन

(d) 3·2 दिन

41. एथिलीन माध्यम से होने वाली कार्यिकीय अनुक्रियाओं का एक प्रतियोगिता निरोधक कौन-सा है ?

(a) कार्बन मोनोक्साइड

(b) कार्बन डाइआक्साइड

(c) एसीटिलीन

(d) नाइट्रोजन

42. आनुवंशिक इंजीनियरी द्वारा जीवाणुओं में मानव प्रोटीन का उत्पादन सम्भव है, क्योंकि :

(a) मानव गुणसूत्र जीवाणु कोशिका में प्रतिकृत हो सकता है

(b) जीन नियमन की क्रियाविधि मानवों तथा जीवाणुओं में समरूप होती है

(c) जीवाणु कोशिका RNA समबंधन अभिक्रियायें कर सकती हैं

(d) आनुवंशिक कूट सार्वत्रिक है

43. निम्नलिखित में से किस जीवाणु का विस्तीर्ण उपयोग पादपों में आनुवंशिक इंजीनियरी के कार्य में पाया गया है ?

(a) *एग्रोबैक्टीरियम टूमीफेसियन्स*

(b) *क्लॉस्ट्रिडियम सेप्टीकम*

(c) *जैन्थोमोनास सिट्राइ*

(d) *बैसिलस कोगुलेंस*

44. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकूट एमीनो अम्लों को विनिर्दिष्ट *नहीं* करता तथा अनर्थक प्रकूट के रूप में जाना जाता है ?

(a) GUU, GUC, GUA

(b) UAA, UAG, UGA

(c) GCU, GCC, GCA

(d) GGU, GGC, GGA



(Contd.)

45. Which one of the following techniques is employed to detect the proteins of a particular specificity ?

(a) Western blotting

(b) Southern blotting

(c) Northern blotting

(d) Slot blotting

46. Consider the following statements :

Linkage is a phenomenon in which

1. linked gene does not show independent segregation.

2. the intensity of linkage between two genes is directly proportional to the distance between them.

3. the effect of linkage is more clearly noticeable in back-cross generation.

4. the frequency of recombination between two linked genes cannot exceed 50%.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 4

(c) 1, 2 and 3

(d) 2, 3 and 4

47. With reference to the relative proportion of parental and recombinant phenotypes in the test-cross progeny involving two recessive genes 'r' (round) and 'y' (yellow) controlling the seed shape and seed colour respectively, the observed per cent recombinants is 10, then, the map distance between 'r' and 'y' is :

(a) 10 map units

(b) 20 map units

(c) 30 map units

(d) 5 map units

48. Who for the first time experimentally demonstrated that only DNA of the bacteriophage enters the host cell and not the phage protein ?

(a) Beadle and Tatum

(b) Jacob and Monod

(c) Luria and Delbruck

(d) Hershey and Chase

49. The diploid chromosome number of the garden pea is 2n = 14. How many different trisomics could be formed in this plant ?

(a) 7

(b) 14

(c) 21

(d) 42

50. The prophase of meiosis is distinct from that of mitosis. The main difference lies in :

(a) Formation of bivalents by the homologous chromosomes.

(b) Presence of long, non-condensed chromosomes.

(c) Each chromosome though apparently looks like a single thread, is actually made up of two threads.

(d) The chromosome is rich in DNA.

51. The centromere or primary constriction of the chromosome contains rings of proteins that are intimately associated with a spindle fibre. These rings are called :

(a) Centrioles

(b) Secondary constrictions

(c) Asters

(d) Kinetochores

52. The mechanism in which the rate of the solute movement increases by interaction of transmembrane proteins is termed as :

(a) Endocytosis

(b) Simple diffusion

(c) Facilitated diffusion

(d) Active transport

45. निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक किसी खास विशिष्टता वाली प्रोटीनों की पहचान के लिए नियोजित की जाती है ?

(a) वैस्टर्न ब्लॉटिंग

(b) सदर्न ब्लॉटिंग

(c) नॉर्दर्न ब्लॉटिंग

(d) स्लॉट ब्लॉटिंग

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

सहलग्नता एक परिघटना है जिसमें

1. बंधित जीन स्वतंत्र विसंयोजन प्रदर्शित नहीं करते।
2. दो जीनों के बीच सहलग्नता की तीव्रता सीधे उनके बीच की दूरी के समानुपातिक होती है।
3. सहलग्नता का प्रभाव प्रतीप संकर पीढ़ी में अपेक्षाकृत अधिक सुस्पष्ट है।
4. दो बंधित जीनों के बीच पुनर्योजन की आवृत्ति 50% से अधिक नहीं हो सकती।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1 और 4

(c) 1, 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

47. दो अप्रभावी जीनों r (गोल) तथा y (पीला) को, जो क्रमानुसार बीज के आकार तथा बीज के रंग को नियंत्रित करते हैं, शामिल करते हुए परीक्षार्थ संकरण संतति में, पैतृक और पुनर्योगज लक्षण स्वरूपों के आपेक्षिक अनुपात के संदर्भ में पुनर्योगज की प्रतिशतता 10 प्रेक्षित की गयी, तो 'r' तथा 'y' के बीच मानचित्रण दूरी कितनी है ?

(a) 10 मानचित्रण इकाइयां

(b) 20 मानचित्रण इकाइयां

(c) 30 मानचित्रण इकाइयां

(d) 5 मानचित्रण इकाइयां

48. यह पहली बार प्रायोगिक रूप में किसने निरूपित किया कि जीवाणुभोजी का केवल DNA परपोषी कोशिका में प्रवेश करता है और विभोजी की प्रोटीन प्रवेश नहीं करती ?

(a) बीडल और टाटम

(b) जैकब और मोनोड

(c) लुरीया और डेलब्रुक

(d) हर्शे और चेस

49. उद्यान मटर की द्विगुणित गुणसूत्र संख्या 2n = 14 है। इस पौधे में कितने विभिन्न एकाधिसूत्री बन सकते हैं ?

(a) 7

(b) 14

(c) 21

(d) 42

50. अर्धसूत्री विभाजन की पूर्वावस्था सूत्री विभाजन की पूर्वावस्था से भिन्न होती है। उसमें मुख्य अन्तर क्या है ?

(a) समजात गुणसूत्रों द्वारा युगली बनाना।

(b) लम्बे, असंघनित गुणसूत्रों का उपस्थित होना।

(c) प्रत्येक गुणसूत्र यद्यपि आभासी रूप में एक सूत्रनुमा दिखायी देता है, वह वास्तव में दो सूत्रों का बना होता है।

(d) गुणसूत्र में DNA की प्रचुरता होती है।

51. गुणसूत्र के गुणसूत्र बिन्दु या प्राथमिक संकीर्णन में प्रोटीन के वलय होते हैं जो एक तर्कु तन्तु से घनिष्ठता से सम्बन्धित होते हैं। इन वलयों को क्या कहते हैं ?

(a) तारक केन्द्र

(b) द्वितीयक संकीर्णन

(c) तारक

(d) काइनेटोकोर

52. उस क्रियाविधि को क्या कहते हैं जिसमें विलेय की गति की दर कला के आर-पार के प्रोटीनों की पारस्परिक क्रिया द्वारा बढ़ जाती है ?

(a) ऐन्डोसाइटोसिस

(b) सरल विसरण

(c) सुगमीकृत विसरण

(d) सक्रिय गमन

53. A diploid plant species of 2n = 16 chromosomes was hybridized with one having 2n = 12 chromosomes. Surprisingly, the breeder found the hybrid to be an allotetraploid (amphidiploid). How many chromosomes can he expect in it ?

(a) 24

(b) 28

(c) 32

(d) 56

54. Freshly broken chromosomal ends are sticky and tend to fuse. However, the ends of intact chromosomes are stable and do not fuse in spite of presence of DNA ligase in the nucleus. Which of the following could explain the stability of chromosomal ends ?

(a) Presence of centromeric sequences

(b) Presence of repeated sequences

(c) Presence of specific membrane around the chromosomes

(d) Presence of telomeric sequences

55. Semiconservative replication of eukaryotic genetic material was first demonstrated by Taylor *et al* using root tip cells of :

(a) *Pisum sativum*

(b) *Vigna aconitifolia*

(c) *Arabidopsis thaliana*

(d) *Vicia faba*

56. Which one of the following sub-cellular structures is enclosed by a half unit membrane ?

(a) Vacuole

(b) Vesicle

(c) Oleosome

(d) Chromoplast

57. Consider the following statements :

1. Aleurone tissue forms the outermost layer of endosperm in maize.
2. Aleurone tissue helps in the nutrition of embryo during germination.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

58. Which one of the following tissues is ***not*** a nutritive tissue ?

(a) Tapetum

(b) Endosperm

(c) Endothelium

(d) Endothecium

59. The protein in the pollen wall that causes allergy is contributed by :

(a) Exine

(b) Pollen cytoplasm

(c) Tapetum

(d) Intine

60. Fluorescein diacetate is used to test pollen viability based on the activity of which one of the following enzymes ?

(a) Catalase

(b) Amylase

(c) Esterase

(d) Callase

61. Russell *et al* demonstrated the occurrence of dimorphic sperms in the pollen of :

(a) *Amaryllis*

(b) *Clivia*

(c) *Plumbago*

(d) *Orchis*

53. 2n = 16 गुणसूत्रों वाली एक द्विगुणित पादप जाति का 2n = 12 गुणसूत्रों वाली द्विगुणित पादप जाति के साथ संकरण किया गया। आश्चर्यजनक रूप से प्रजनक द्वारा प्राप्त संकर एक परचतुर्गुणित (उभयद्विगुणित) है। इसमें कितने गुणसूत्र प्रत्याशित हैं ?

(a) 24

(b) 28

(c) 32

(d) 56

54. ताजे टूटे हुए गुणसूत्रों के छोर चिपचिपे होते हैं तथा उनकी संगलित होने की प्रवृत्ति होती है। जबकि साबूत गुणसूत्रों के छोर स्थिर होते हैं तथा केन्द्रक में DNA लाइगेज की उपस्थिति में भी संगलित नहीं होते। निम्नलिखित में से कौन, गुणसूत्र के छोरों की स्थिरता की व्याख्या करता है ?

(a) गुणसूत्र बिन्दुओं के अनुक्रमों की उपस्थिति

(b) पुनरावृत्त अनुक्रमों की उपस्थिति

(c) गुणसूत्रों के चारों ओर विशिष्ट कला की उपस्थिति

(d) अंतखंड के अनुक्रमों की उपस्थिति

55. यूकेरियोटिक आनुवंशिक द्रव्य की अर्धसंरक्षी प्रतिकृति को सबसे पहले टेलर व अन्य ने किसकी मूलाग्र कोशिकाओं का उपयोग करते हुए निरूपित किया ?

(a) *पाइसम सेटाइवम*

(b) *विग्ना ऐकोनिटिफोलिया*

(c) *ऐराबिडॉप्सिस थैलियाना*

(d) *विसिया फ़ैबा*

56. निम्नलिखित में से कौन-सी अवकोशिकीय संरचना एक अर्ध एकक कला द्वारा परिबद्ध होती है ?

(a) रसधानी

(b) पुटिका

(c) ओलियोसोम

(d) वर्णलवक

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मक्का के भ्रूणपोष में ऐल्युरोन ऊतक सबसे बाहरी परत बनाता है।
2. ऐल्युरोन ऊतक अंकुरण के दौरान भ्रूण के पोषण में सहायता करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

58. निम्नलिखित में से कौन-सा, पोषक ऊतक ***नहीं*** है ?

(a) टेपीटम

(b) भ्रूणपोष

(c) अंत:स्तर

(d) अंतस्थीसियम

59. प्रत्युर्जता का कारण बनने वाली पराग भित्ति की प्रोटीन किसका योगदान है ?

(a) बाह्य चोल

(b) पराग कोशिका द्रव्य

(c) टेपीटम

(d) अन्त:चोल

60. पराग जीवन क्षमता के परीक्षण में फ्लूऑरेसाइन डाइ-ऐसीटेट निम्नलिखित में से किस एक एंजाइम की सक्रियता के आधार पर प्रयुक्त होती है ?

(a) कैटालेस

(b) ऐमिलेस

(c) एस्टरेस

(d) कैलेस

61. रसेल व अन्य ने पराग में पाये जाने वाले द्विरूपी पुमणु का निरूपण किसमें किया ?

(a) *ऐमेरिलिस*

(b) *क्लिविया*

(c) *प्लम्बैगो*

(d) *आर्किस*



(Contd.)

62. Which one of the following features is ***not*** associated with grasses ?
(a) Aleurone tissue
(b) Scutellum
(c) Cellular endosperm
(d) 3-celled pollen

63. In all, a minimum of how many meiotic divisions are required to form 100 sexual seeds ?
(a) 25
(b) 50
(c) 100
(d) 125

64. In which one of the following plants is pollination said to be entomophilous ?
(a) *Zostera marina*
(b) *Sterlitzia reginae*
(c) *Aristolochia fimbriata*
(d) *Kigelia africana*

65. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I (Embryological Features)* | *List-II (Plant)* |
|---|---|
| A. Longitudinal Division of Zygote | 1. *Cyperus* |
| B. Only one of the four microspores in a tetrad is functional | 2. *Dendropthoe* |
| C. Plant regeneration from *in vitro* fertilized egg | 3. *Zea* |

***Code :***

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 |

66. The adventive embryo initials in *Citrus* differentiate :
(a) Before pollination
(b) After pollination
(c) After fertilization
(d) After the division of zygote

67. What is unique about the embryogenesis in *Paeonia* ?
(a) Intraseminal growth
(b) Long dormancy of zygote
(c) Free nuclear divisions in the zygote
(d) Oblique division of the zygote

68. In the endospermous seeds the growth of the embryo starts :
(a) Concurrently with the endosperm
(b) Before the endosperm starts growing
(c) After the endosperm has started growing
(d) After the endosperm is fully developed

69. Which one of the following structures arises from the funiculus during post fertilization development of the ovule ?
(a) Caruncle
(b) Aril
(c) Operculum
(d) Perisperm

